## खबर संक्षेप

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 19 सितंबर को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 19 सितंबर को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा युवाओं को जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जावेगा।

### महिलाओं को कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण दिया गया

**स्लीमनाबाद।** बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमगवां के स्व सहायता समूह की 33 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संस्था के प्रबंधन पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षण में पढ़ाये जाने वाले विषयों की जानकारी दी गई। कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग जैविक खेती के विषय में बतलाया गया जिससे कृषि को लाभ का धंधा बनाया जा सके। विभिन्न जैविक खादोंएवं कीटनाशकों की जानकारी गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग। फसलों के लिए आवश्यक 17 प्रकार के पोषक तत्व तथा उनका वर्गीकरण । देसी गाय के गोमूत्र मैं 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं गोमूत्र से बीज उपचार जैविक कीटनाशक शीघ्र खाद बनाने तथा फसलों में उपयोग की जानकारी दीजिए। काटने वाले कुतरने रस सूचक एवं फल छेदक कीटों से होने वाले नुकसान तथा उनके जैविक नियंत्रण की जानकारी दी गई । सुशीला गेंदा बाईखुशबू काजल एवं रितु लोधी तथा अन्य स्व सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने इस बैठक में कृषि विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, सहकारिता महिला एवं बाल विकास, वन, खनिज, नर्मदा घाटी, उद्योग,प्रधानमंत्री सड़क ,सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों और समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पिछले साल से 2.7 फीसदी अधिक औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 15 सितम्बर तक कुल 1034.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1378.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1007.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। कटनी तहसील में 1129.6 मिमी, रीठी में 1378.4 मिलीमीटर, बड़वारा में 913 मिलीमीटर, बरही में 906 मिमी और विजयराघवगढ़ में 890.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद में कुल 908.6 मिमी एवं स्लीमनाबाद में 1198.6 मिमी तथा ढीमरखेड़ा में 946.8 औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### तहसीलदार ने जांच दल को सीमांकन कर अतिक्रमण हटाये जाने के दिये निर्देश

# 6 एकड़ से अधिक भूमि पर किये गए अतिक्रमण की जांच के लिए दल गठित

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय स्थित भेड़ा रोड पोस्टमार्टम कक्ष के बाजू से लगी 6 एकड़ से अधिक भूमि जिसमें पूर्व में रक्षा विभाग की छावनी थी, उस भूमि पर समुदाय विशेष के द्वारा अवैध रूप से तार फेंसिंग कर कब्जा कर लिया गया। समुदाय के द्वारा अवैध रूप से 6 एकड़ भूमि पर कब्जा किये जाने के बाद हिन्दू समुदाय के लोगो में भारी आक्रोश देखा जा रहा है जिसके बाद ग्रामीणों व विश्व हिन्दू परिषद के ग्राम पंचायत मे लिखित शिकायत पत्र प्रेषित किया गया जिसके बाद ग्राम पंचायत सरपंच ने तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को सरकारी भूमि से कब्जा हटाने को लेकर शिकायत पत्र लिखकर मांग की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद हल्का के खसरा नंबर 53 जिसका रकबा 1 एकड़ है जो हरदुआ हार मै आता है, इस पर आधा एकड़ भूमि मुक्तिधाम ओर आधा एकड़ भूमि कब्रिस्तान दर्ज है जो पहले से प्रस्तावित है लेकिन खसरा नंबर 54 जिसका रकबा 2.72 हैक्टेयर है जो कि लगभग 6 एकड़ से अधिक भूमि है। उक्त भूमि पूर्व पर रक्षा विभाग की छावनी थी!यहाँ ही आर्मी का कैम्प लगता था जहाँ पर समुदाय विशेष के द्वारा एकत्रित होकर अवैध रूप से तार फेसिंग कर कब्जा कर लिया गया है।

### 5 पटवारियों का दल करेगा जांच

इस पूरे मामले में तहसीलदार स्लीमनाबाद सारिका रावत ने जाँच के लिए पांच पटवारियों का दल गठित कर आगामी दिनांक 19 सितंबर 2025 को उक्त भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाए जाने के लिए निर्देश जारी किए है।

### सैनिक छावनी मप्र शासन के नाम पर दर्ज है भूमि

स्लीमनाबाद स्थित भूमि खसरा क्रमांक 54 रकवा 2,72 हेक्टेयर सैनिक छावनी मध्य प्रदेश शासन के नाम पर दर्ज है एवं खसरा नंबर 53 शमशान घाट और कब्रिस्तान हेतु आरक्षित है। पटवारी प्रतिवेदन पर भी स्थानीय हल्का पटवारी ने अवैध अतिक्रमण होने का लेख किया है साथ ही तार बाउंड्री लगाकर कब्जा करने की बात का भी लेख किया गया है। मामले की गंभीरता को समझते हुए तहसीलदार स्लीमनाबाद ने सीमांकन हेतु जांच दल गठित कर उक्त भूमि का सीमांकन कर प्रतिवेदन पंचनामा के लिए जांच दल को आदेशित किया है।



# हाइवा अनियंत्रित होकर यात्री प्रतीक्षालय में घुसा, पांच घायल

### शासकीय महाविद्यालय के बाहर हुआ हादसा, प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सोमवार को चालक के हाथों एक हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गया और यात्री प्रतीक्षालय में जा टकराया। घटना में एक छात्र सहित पांच लोगों को चोटें आई। प्रतीक्षालय में फंसे पांच घायलों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय के ठीक बाहर हुई। एएसआई जयपाल सिंह ने बताया कि एक हाइवा ढीमरखेड़ा की तरफ से उमरियापान की ओर आ रहा था। पोंडी ख़रिवा में चालक के हाथों हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर ढीमरखेड़ा शासकीय महाविद्यालय के बाहर बने यात्री प्रतीक्षालय में जा घुसा। घटना में बारिश से बचने यात्री प्रतीक्षालय में बैठे पांच लोगों को चोटें आई है। घायल में सुभाष पिता श्यामलाल चौधरी निवासी पोंडी कला बी, अरुण प्रताप पिता जगदेव सिंह निवासी जिर्री और मंगेली निवासी नरेश सिंह पिता चैन सिंह, रागिनी पिता नरेश सिंह एवं अंकित पिता रमेश सिंह कुर्मी शामिल हैं। पांचों को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहा से सुभाष चौधरी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चालक फरार है। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जाँच में जुटी है।

# सीएम के प्रस्तावित बड़वारा प्रवास के मद्देनजर विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से विकासखंड मुख्यालय बड़वारा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गुरूवार 18 सितंबर को प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर यहां पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, कार्यपालन यंत्री परियोजना क्रियान्वयन इकाई एमके पोनीकर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



### हैलीपेड का निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़वारा सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) परिसर के मैदान में होने वाली सभा में बड़वारा व रीठी सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण करेंगे। अधिकारियों ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में निर्माणाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया और बैरिकेडिंग करने और सड़क जीर्णोद्धार आदि कार्य के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### प्रदर्शनी स्थल का भी किया मुआयना

कलेक्टर श्री तिवारी ने सांदीपनि स्कूल परिसर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शामिल विभिन्न घटकों और पहलुओं से संबंधित विभागों के क्रियाकलापों की 18 सितंबर को लगाई जाने वाली प्रदर्शनी स्थल का भी मुआयना किया। कलेक्टर श्री तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय के प्रशासकीय भवन और कक्षाओं का भी निरीक्षण किया और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### नवागत कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया निरीक्षण



नवागत कलेक्टर आशीष तिवारी ने पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल और डिप्टी कलेक्टर द्वय प्रदीप कुमार मिश्रा व विंकी सिंहमारे उइके, ई-गवर्नेस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। नवपदस्थ कलेक्टर तिवारी ने नजूल, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, लोकसेवा, आदिम जाति कल्याण, श्रम, खाद्य, उद्यानिकी, सामान्य शाखा, सामाजिक न्याय, जिला कोषालय, भू-अभिलेख, रिकार्ड रुम, अधीक्षक कक्ष, जिला खनिज प्रतिष्ठान कक्ष, सहकारिता और एन आई सी, ई-दक्ष, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, जिला योजना, जिला रोजगार कार्यालय, कलेक्टर एवं एडीएम कोर्ट आदि का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

# 10 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब जब्त, 9 प्रकरण किये पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध शराब निर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरूद्ध आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा आबकारी वृत्त बड़वारा, ढीमरखेड़ा एवं कटनी क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम रोहनिया, बंदरी, बरगवां, नंबर 1, राय फैमिली रेस्टोरेंट, ग्राम झांपी, भजिया, धनगवा एवं ग्राम खिरहनी में अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये अवैध शराब जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान 78 पाव देशी मदिरा प्लेन, 25 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार 750 रुपये आंकी गई है। इस मामले में, आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क और च के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैं एवं 3 खाली तलाशी प्रकरण कायम किये गए हैं।



इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके, आब उप-निरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, के के पटेल एवं आब आरक्षक, रामसिंह, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसन लाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन, संतोष तिवारी एवं रविशंकर तिवारी का योगदान रहा।

# तिलक कॉलेज में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने किया पानी की बौछार

### प्राचार्य द्वारा मांगों पर त्वरित कार्यवाही करने का दिया गया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई द्वारा शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनोमस किए जाने की माँग लंबे समय से उठाई जा रही है।अनेकों बार ज्ञापन,हस्ताक्षर अभियान के उपरांत एनएसयूआई के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने छात्रों के साथ कॉलेज को ऑटोनोमस एवं अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदेश सचिव एनएसयूआई अजय खटिक एवं छात्र नेता अभिषेक प्यासी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने हुंकार भरी।

छात्रों ने सात सूत्रीय मांगें क्रमशः शासकीय तिलक कॉलेज को ऑटोनॉमस किए जाने,कॉलेज में एलएलबी व बेए.एलएलबी कोर्स प्रारम्भ कराए जाने,महिला छात्रावास की फीस में कटौती किए जाने,परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी रोकने,शिक्षा बजट कटौती एवं छात्रवृत्ति रोक बंद करने,लंबे समय से बंद पड़ी बस को निशुल्क कर प्रारंभ करने,गर्ल्स कॉमन रूम को पुनः प्रारंभ करने की माँग को लेकर प्रदर्शन हुआ।बिगड़ती स्थिति देख पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर चार्ज किया एवं बलप्रयोग कर प्रदर्शनकारी छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया गया।प्राचार्य द्वारा मांगों पर जल्द त्वरित कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया व बताया की ऑटोनोमस की माँग पर कार्यवाही चल रही है।



प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल पांडेय,आईटी सेल प्रदेश महासचिव द्वय सूर्यकांत कुशवाहा, शशांक गुप्ता,सचिन गर्ग,ऋषि सिन्हा,प्रिंस वंशकार, ,कृष्णा दुवे,प्रज्ज्वल साहू, सौरभ पांडे, सत्यम दवेदी,, अतुल पटेल, अनुराग पटेल, बिट्टन तिवारी,करन वर्मा,राजन साहू, प्रवीण सिंह, निखिल उपाध्याय,अंकित रजक, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित हुई कार्यशाला

# जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का बनेगा सशक्त माध्यम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय सशक्तिकरण का अभियान है। यह अभियान जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। आदिवासी बहुल गांवों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों के चयन और विश्वास पर खरा उतरने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सभा कक्ष में कार्यशाला आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया के द्वारा किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य, आदिम जाति कल्याण, पीएचई व महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।

क्लस्टर स्तरीय आदि कर्मयोगी पंचायत रेस्पांसिव गवर्नेस ग्रुप ओरियंटेशन एवं वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों और वीडियो प्रस्तुतियों के माध्यम से ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स संदीप विश्वकर्मा, गुमान सिंह ठाकुर,सत्य प्रकाश हल्दकार, बीपीएम रॉबिन गुप्ता, पर्यवेक्षक रानी ठाकुर ने ग्राम स्तर पर कार्य करने और विलेज एक्शन प्लान तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना के साथ कार्य करने हेतु चयनित ग्रामों के सचिव/ग्राम रोजगार सहायक ,पटवारी , एएनएम,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,आशा कार्यकर्ता ,लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी ,वन विभाग के कर्मचारी व अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी को जानकारी दी गई कि आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। इसके साथ ही अभियान के अंतर्गत चयनित 12 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्रों का संचालन किया जाएगा।



### उमरियापान में हिंदी पखवाड़ा दिवस का आयोजन

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत हिंदी पखवाड़ा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने की। इस अवसर पर आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक कहे जाने वाले भारतेन्दु हरिश्चंद्र की जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने उनके साहित्यिक योगदान और हिंदी भाषा के विकास में निभाई गई भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर आधारित भाषण, कविता पाठ और निबंध लेखन जैसी गतिविधियों में भाग लिया। इन प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति उत्साह और अभिरुचि का सकारात्मक प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक दीपिका जैन ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का अभिन्न अंग है। हमें इसके संरक्षण और प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

# अनाधिकृत कब्जेधारियों को 3 दिवस में आवास खाली करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आईएचएसडीपी योजना के तहत प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आवासों में अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा करने वाले चार कब्जेधारियों पर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा कब्जा खाली करने की कार्यवाही की जाकर शेष कब्जाधारियों को तीन दिवस के अंदर आवासों का कब्जा खाली करने की हिदायत दी गई।

नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेमनगर बस्ती में निर्मित आईएचएसडीपी आवासों के ब्लॉक सी व डी में सभी अवैध कब्जो को खाली कराने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस सी-6, सी-11, सी-12 ,सी-15, भवनों का पंचनामा तैयार करते हुए अनधिकृत कब्जे हटाने को हटाकर आवासों को रिक्त कराने की कार्यवाही की गई है।



कार्यवाही के दौरान भवनों के अन्य कब्जाधारियों को 3 दिवस में मकान खाली करने की सख़्त हिदायत भी दी गई है। इस दौरान सहायक यंत्री एवं नोडल अधिकारी सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## नहरों की सफाई और तालाबों के गहरीकरण करने की मांग

**अमानगंज।** भारतीय किसान संघ (एवं पशुपालक) ग्राम अमानगंज जिला पन्ना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नहरें व तालाब मरम्मत के अभाव में सूख चुके हैं, कुओं और पंपों में पानी नहीं पहुँच रहा जिससे खरीफ व रबी फसलें बर्बाद हो रही हैं। निजी ट्यूबवेल व टैंकरों पर निर्भरता बढ़ने से खेती की लागत कई गुना बढ़ गई है। किसानों ने माँग की कि नहरों की सफाई और तालाबों के गहरीकरण का कार्य तत्काल किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्ते और गाँवों को जोड़ने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर हैं। बरसात में यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है और किसान अपनी उपज मंडियों तक नहीं पहुँचा पाते। खराब सड़कों के कारण ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। किसानों ने पक्की सड़कों और नियमित रखरखाव की माँग की। पशुपालक किसानों ने कहा कि क्षेत्र में पशु चिकित्सालय और डॉक्टरों की भारी कमी है। समय पर टीकाकरण और दवाएँ न मिलने से दुधारू पशु बीमार हो रहे हैं और दुग्ध उत्पादन घट रहा है। उन्होंने माँग की कि अमानगंज क्षेत्र में स्थायी पशु चिकित्सालय, पर्याप्त दवाएँ और मोबाइल वेटरनरी यूनिट उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने शिकायत की कि सरकारी सहकारी समितियों में खाद-बीज समय पर उपलब्ध नहीं होते जबकि खुले बाजार में ऊँचे दाम और मिलावट की शिकायतें आम हैं। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक न मिलने से उत्पादन घटता है और लागत बढ़ती है। किसानों ने माँग की कि सहकारी समितियों में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए।

शासन प्रशासन के दावों की खुली रही पोल

# खाद की समस्या को लेकर किसानों ने फिर किया हंगामा

**प्रशासन का कहना है खाद की कोई कमी नहीं, फिर क्यों परेशान है किसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





मौसम की मार हो या शासन की अनदेखी हमेशा किसानों के लिए सिर का दर्द बनी रहती है। खाद के संकट की वही पुरानी कहानी इस साल भी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। हटा क्षेत्र में डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसान बेहाल हैं। खेतों में फसल को खाद की जरूरत है, इसके लिए विगत एक सप्ताह से रोजाना डबल लॉक गोदाम में लंबी कतार लग रही है। खाद के लिए किसान भूखे-प्यासे लगे है इसके बावजूद खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार कहा जाता है कि खाद की कमी कोई नहीं है। फिर भीड़ और हंगामा की स्थिति क्यों बन रही हैं।

सोमवार को कृषि मंडी डबल लॉक गोदाम के बाहर बटियागढ़ रोड़ पर सैकड़ों किसानों ने खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने सड़क पर जोरदार हंगामा कर चक्का जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। किसानों द्वारा किए जाने वाले हंगामें के बाद हटा पुलिस थाना से एसआई सौरभ शर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामला संभाल लिया, बाद में पहुंचे तहसीलदार शिवराम चढार को भी किसानों ने आड़े हाथों लेते हुए बोल दिया कि आपसे भी हमारी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है लेकिन उन्होंने किसानों को समझाइश देते हुए आश्वासन दिया कि शीघ्र ही खाद उपलब्ध हो जाएगा।

किसान रमेश अहिरवार सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वे कई दिनों से आ रहे है और खाली हाथ लौट रहे है, विगत पन्द्रह दिन पूर्व खाद का कूपन मिला था लेकिन खाद अब तक नहीं मिली। गणेश पटेल ने बताया कि वह चार दिन पहले भी आए थे लंबी कतार में लगे रहे और आज सुबह से कतार में खड़े रहे लेकिन कूपन तक नहीं मिला वितरण केन्द्र में यहां के अधिकारी कुछ बताते भी नहीं है। सभी किसानों ने गोदाम प्रभारी हरिशंकर पटेल रमेश बेगा पर खाद ब्लेक करने के आरोप लगाये। किसानों का कहना है कि प्रशासन के दावों के विपरीत, उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है।

भले ही अधिकारी यह आश्वासन दे रहे हों कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और दो दिन के अवकाश के बाद वितरण शुरू होने से भीड़ बढ़ गई है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयाँ करती है. किसानों को लगता है कि उन्हें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। किसानों के लिए खाद अब अमृत के समान हो गई है। सुबह से लेकर देर शाम तक इंतजार के बाद भी कई किसानों को खाद नसीब नहीं हो रही है, सुबह से ही कूपन लेने किसानों की लंबी लाइनें लग जाती हैं, जो दिन भर बढ़ती रहती हैं. यह दृश्य किसानों की बेबसी और सरकारी व्यवस्था की खामियों को दर्शाता है। सरकार और प्रशासन से किसानों ने मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए ताकि हर किसान को उसका हक मिल सके।

## नेत्र शिविर का आयोजन, 70 मरीजों का हुआ परीक्षण

**हटा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत देवरा जामसा में सोमवार को ग्राम पंचायत भवन में श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जहां नेत्र विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीण महिला पुरुषों के आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण नेताराम पटेल ने बताया कि ग्राम में नेत्र जांच शिविर लगाने के आग्रह पर श्री सद्गुरु ट्रस्ट द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर लगाकर 70 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 49 मरीजों को जांच उपरांत निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया एवं 7 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ट्रस्ट के वाहन से चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया।

## प्राकृतिक जैविक खेती पर किसानों को प्रशिक्षण एवं वर्मी वैड वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ब्लॉक के ग्राम इमलीडोल, हाथीडोल, जरुआ, खकरिया खुर्द, खकरिया रैयत एवं हुलासपुरा के किसानों को प्राकृतिक जैविक खेती पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही 100 किसानों को बर्मी वैड भी साथ में वितरण किये गये। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास समिति द्वारा यूएनडीपी एसजीपी टेरी के सहयोग से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन सहायक कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री प्रिया तिवारी ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार विवेक व्यास उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती के महत्व और टिकाऊ कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैविक खाद, जीवामृत, वर्मी कम्पोस्ट, बीज उपचार तथा कीट प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने हेतु वर्मी बेड तथा सौर्य कीट नियंत्रण यंत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम में 50 प्रतिशत महिला किसानों की सक्रिय भागीदारी रही। किसानों ने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आरके सेन रिटायर्ड एसडीओपी, संस्था डायरेक्टर गोविन्द यादव, कार्यक्रम संगठक धरमदास पाल, ज्योति राव, ज्योति रैकवार, सुषमा यादव, राजेश सिंह संतोष सिंह, नीरज यादव उपस्थित रहे।

## संगठन ने पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** जिले के हटा तहसील के थाना रनेह अंतर्गत ग्राम बिजवार में भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जिले भर में चलाए जा रहे नशामुक्त ग्राम पंचायत अभियान की तर्ज पर ग्राम बिजवार को भी नशामुक्त बनाने की मांग ग्रामवासियों से रखी तो शराब माफिया मलखान सिंह जोकि कई वर्षों से अवैध शराब का कारोबार कर रहा है जिसके द्वारा संगठन के कार्यकर्ता तिलकराम पटैल को गंदी गंदी मां बहन की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके विपरीत शराब माफिया मलखान सिंह व थाना प्रभारी रनेह ने संगठन के कार्यकर्ताओं तिलकराम पटैल, भूपेंद्र पटैल,व प्रान सिंह पर झूठी FIR दर्ज कर दी जबकि प्रान सिंह मौके पर उपस्थित भी नहीं थे। इसके बावजूद थाना प्रभारी रनेह ने संगठन के कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी विषय को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक दमोह से शराब माफिया मलखान सिंह व थाना प्रभारी रनेह की शिकायत की व जांच की मांग की। अन्यथा भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा बांसा मंडल की बैठक संपन्न



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को तेज कर दिया है। यह अभियान महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर तक चलेगा और इस दौरान पार्टी विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन करेगी। इस संबंध में युवा मोर्चा बांसा मंडल की बैठक आयोजित की गई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान सेवा ही संगठन का मंत्र है। इस पखवाड़े के दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और अन्य जनहितकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पार्टी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और समाज के हर वर्ग तक प्रधानमंत्री मोदी के जनहितकारी कार्यों का संदेश पहुंचाएंगे। बैठक में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, युवा मोर्चा बांसा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह तोमर, विधानसभा प्रभारी शिवेंद्र तिवारी, हरि रजक बांसनी सरपंच चंदन सिंह लोधी, मंडल महामंत्री देवेंद्र लोधी, महामंत्री हर्षिल जैन, मंडल मंत्री जवाहर लोधी, मंडल उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, विनोद पटेल, जितेंद्र यादव, जितेंद्र ठाकुर, इंदर सिंह, जितेंद्र सिंह, अरविंद ठाकुर, संजू सहित सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## वैश्य महासम्मेलन की तहसील ईकाई की बैठक हुई संपन्न



**तेन्दूखेड़ा।** वैश्य महासम्मेलन की तहसील ईकाई तेन्दूखेड़ा की बैठक स्थानीय आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र में सम्पन्न हुई,जिसमें मुख्य अतिथि सन्देश जैन प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं सम्भागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित हुई। जिसमे जिलाध्यक्ष के सी अग्रवाल जी एवं युवा जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल द्वारा वैश्य महासम्मेलन तेन्दूखेड़ा ईकाई के सदस्यों की सर्वसम्मति से युवा अध्यक्ष के रूप में चेतन जैन को निर्वाचित किया गया।साथ ही राजनीतिक प्रकोष्ट से लक्ष्मी नामदेव जी,रक्तदान प्रभारी आदित्यराज मोदी जी, तहसील मीडिया प्रभारी के दायित्व पर शुभम जैन की नियुक्ति हुई है,इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन तेन्दूखेड़ा ईकाई के अध्यक्ष विवेक चौधरी ,गौशाला अध्यक्ष संजय जैन पारसमणि ,दयाचंद जैन ,कैलाशचंद जैन ,अजित जैन ,संदीप जैन सहित सभी वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों ने शुभकामनाएं देकर आगामी कार्यक्रमो में सुनियोजित रूप से कार्य करने की बात कही।

## शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 01 सितम्बर 2025 द्वारा दिए गए निर्णय पर रोक लगाने हेतु मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के राष्ट्रीय स्तर के शैक्षिक संगठन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने संपूर्ण देश में दिनांक 15 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन देकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। इस निर्णय के अनुसार कक्षा कक्षा आठवीं तक पढ़ने वाले सभी सेवारत शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी हो। यह स्थिति देश भर के लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल सकती है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की संबद्धता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से होने से प्रदेश के शिक्षकों की स्थिति को माननीय प्रधानमंत्री जी तक पहुंचाने में समर्थ, मध्यप्रदेश का एकमात्र शिक्षक संगठन है। इस विषय पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर एवं महामंत्री राकेश गुप्ता के अखिल भारतीय स्तर पर सतत संपर्क कर शिक्षकों की सेवा संकट पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर जी से विनम्र अनुरोध के फलस्वरूप अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी से शिक्षा जगत के स्तंभ हमारे शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु हस्तक्षेप करने का विनम्र अनुरोध किया है।मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन व संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन ने बताया कि ए. बी. आर. एस. एम. ने स्पष्ट किया है कि आर टी ई अधिनियम 2009 एवं एनसीटीई की अधिसूचना 23 अगस्त 2010 के अनुसार शिक्षकों की दो अलग अलग श्रेणियां मान्य की है, जिसमें सन 2010 के पूर्व के नियुक्त शिक्षक जिन्हें योग्य मानते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट दी गई थी। सन 2010 के पश्चात के शिक्षकों को निश्चित अवधि में टी ई टी परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान में दिए गए निर्णय में इस श्रेणी भेद की अनदेखा की गई, जिससे 2010 के पूर्व के शिक्षकों की सेवा भी असुरक्षित हो गई है।

शिक्षकों के हित में समर्पित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्धता है। जिलाध्यक्ष कमलेश सेन ने बृजेंद्र सिंह डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन के सौंपते हुए माननीय प्रधानमंत्री से विनम्र अनुरोध किया कि शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से पूर्ण समर्पित हमारे शिक्षक साथियों के लिए यह निर्णय सेवा को असुरक्षित करने का प्रयास है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्णय को तत्काल वापिस लिया जाएं। टी ई टी परीक्षा को निरस्त कराने के इस ज्ञापन में राकेश हजारी, सत्यनारायण तिवारी, राजीव बड़कुल, प्रमोद अहिरवार, के आर पांडे, ताहिर खान, उपाध्यक्ष मनीष भारद्वाज, नीतेश पाठक, दीपमाला जैन, आदित्य चौरसिया, अरविंद चौराहा, संदीप सोनी, कुंजीलाल पाली, भागचंद जैन, अशोक साहू, जितेंद्र खटीक, महेश विश्वकर्मा, अरविंद पटेल, अमित जैन, निशा चौकसे, महेश सोनी, कपिल पांडे, संतोष दुबे, किशोर दुबे, नरेंद्र राय, महेंद्र दुबे, रजनीश श्रीवास्तव, खिलान सिंह, पवन यादव, संदीप श्रीवास्तव, सहित अनेक शिक्षक साथियों की सहभागिता रही।

## फूल पत्तियों से चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन....



**दमोह।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर दमोह अग्रवाल समाज में चतुर्थ दिवस मध्य प्रदेश महिला महासभा के द्वारा पत्तियों और फूलों की सहायता से चित्र बनाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें 10 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकते थे इस प्रतियोगिता में प्रायोजक के रूप में प्रतिभा अग्रवाल एवं महिमा अग्रवाल रही। मध्य प्रदेश महिला महासभा की दमोह इकाई प्रत्येक वर्ष अग्रसेन जयंती पर नई-नई प्रतियोगिताएं कर सजती भाई बहनों बच्चों के अंदर छिपी कला विकसित करने का प्रयास करती है। आज लगभग 12बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया सभी को अग्रसेन जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से निर्णायक की भूमिका में रेशमा चनदानी थी। इस प्रतियोगिता में अनुलेखा अग्रवाल संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश महिला महासभा अंजलि अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सचिव मंजू अग्रवाल, महिमा प्रतिवरिता शील करुणा, रानू जागृति, रेखा मोहिनी, कल्पना रानू मृदुल, मीडिया प्रभारी रिद्धि के साथ-साथ समाज के उपाध्यक्ष राज बहादुर एवं अग्रवाल राजू भैया, राधा रमन ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवन लाल एवं तरूण मंच के अध्यक्ष दीपक एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा, प्रतिभागियों में ओम वैशाली प्रिया, शनवी, समृद्धि, अन्नया, समृद्धि, गोरी, मानवी, रिशिता,ऑर्थव शुभ ने भाग लिया।

## समीक्षा बैठक एवं सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दमोह।** अखिल भारतीय लोधी लोधा राजपूत महासभा की बैठक प्रेम सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रमुख बिंदु 16 अगस्त कार्यक्रम की समीक्षा, कार्यक्रम लेखा-जोखा के विषय पर चर्चा, संगठन में जिला पदाधिकारी ब्लॉक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य द्वारा संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने उनको पद मुक्त कर नए सक्रिय कार्यकारी के सदस्यों को स्थान देना, विधवा पुनः विवाह पर चर्चा एवं समस्त ब्लॉक स्तर पर करना, समस्त ब्लॉकों में महिला एवं पुरुष देव लोक गमन हो जाने पर उनके लिए श्रद्धांजलि एवं शोकसभा रखी गई। किसान कांग्रेस अध्यक्ष अमर सिंह राजा पटना एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष करन सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य का नियुक्त होने पर समाज की ओर से शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह लोधी, नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह तीनगुल्ली, ब्लॉक अध्यक्ष दमोह खिलान सिंह, बटियागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह युवा अध्यक्ष, युवा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृपाल सिंह सेमरा, खेत सिंह, जगन्नाथ सिंह, प्रचार प्रसाद मंत्री पहलाद सिंह बालाकोट, हेमेंद्र सिंह युवा कार्यकारी, युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट द्रोपती सिंह, युवा महिला अध्यक्ष भारत सिंह मीडिया प्रभारी, श्रीमती द्रोपती सिंह महिला ब्लॉक अध्यक्ष बटियागढ़, अमर सिंह उपाध्यक्ष, नारायण सिंह कार्यालय मंत्री, प्रहलाद सिंह जिला सचिव अभाना, मूरत सिंह सिंह आचार्य अभाना, रिटायर्ड नाथू सिंह, लक्ष्मी सिंह मीडिया प्रभारी बटियागढ,.सुरेंद्र सिंह युवा मीडिया प्रभारी बटियागढ़, संचालन प्रहलाद सिंह एवं कृपाल सिंह ने किया एवं आभार वरिष्ठ नगर अध्यक्ष गोपाल सिंह किया। अंत में जिले में समस्त ब्लॉकों की दिवगंत आत्माओं को श्रद्धांजलि एवं 2 मिनट की शोकसभा का आयोजन कर बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

## सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक को किया सम्मानित



**जबेरा।** जबेरा निवासी एवं जबेरा तहसील अंतर्गत माध्यमिक शाला कोंरता से सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक देवी प्रसाद शर्मा का जबेरा पहुंच कर हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना लाल सोनी, नारायण शर्मा, शर्मा जी के अनुज प्राचार्य रामकिंकर शर्मा उपस्थित थे। सभी ने हरिभूमि ब्यरो प्रमुख का आभार माना। बाद में नरेन्द्र बजाज ने श्री शर्मा से हरिभूमि परिवार में शामिल होने का आमंत्रण दिया जिसे उन्होने स्वीकार किया व परिवार में शामिल होने की स्वीकृति दी। श्री शर्मा अब जबेरा में हरिभूमि प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे।

## जयस का एक क़दम गांव की ओर अभियान प्रारंभ



**तेंदूखेड़ा।** नौजवान युवाओं को हक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जय आदिवासी युवा शक्ति जयस तेंदूखेड़ा द्वारा एक कदम गांव की ओर अभियान ग्राम मुलरा बांसी से प्रारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासियों के हक अधिकारों को दिलाने के लिए नौजवान युवाओं को संवैधानिक तरीके से लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक करना है। यह अभियान तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में संचालित किया जाएगा जिसमें जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के पदाधिकारी विभिन्न ग्रामों में बैठक कर विस्तारित जानकारी देंगे। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि आदिवासी युवाओं को संवैधानिक जानकारी न होने के कारण उनको विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के तत्वाधान में एक कदम गांव की ओर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है कि नौजवान युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे एक माह चलेगा जो तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा। इस अभियान में जुड़कर नौजवान युवा सरल भाषा में अपने हक अधिकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर गिरधारी सिंह परस्ते जिला उपाध्यक्ष, गोलू पोर्ते महासचिव, साकेत मरकाम, राकेश मरकाम, गुलाब पंडा,हक्कू सींग, सतीश तेकाम, पंचम दिवार, राजाराम मुकद्दम, देव सींग,गुड्डा सींग,सुमेद सींग, प्रदीप सिंह, रमेश वावा,सुरेश दिवार, प्रमोद मठया,महेश सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

## राशन दुकान में चोरी रोकने दिया आवेदन

**दमोह।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला पुलिस अधीक्षक को आवेनक सौपा जिसमें दमोह जिले में संचालित हो रहीं राशन दुकानें (पी.डी. एस.) में पिछले माहों में अधिकांश राशन दुकानों में चोरी हो रही है। जिससे चोरों के हौसले बहुत बुलंद हैं, पिछले दिनों कई राशन दुकानों में चोरी हुई एवं पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखवाई लेकिन आज तक चोरों का पता नहीं लगा । निम्न दुकानों में चोरी हुई। किल्लाई, हथना, सीहोरा, चम्पत पिपरिया, सुनवाही, सकतपुर हर्रई, कुमेरिया, सूखा सतपारा, इत्यादि दुकानों में चोरी हुई लेकिन चोरों का आज तक पता नहीं है। पुलिस थाने में एफ.आई.आर. दर्ज होने के बाद भी पुलिस के द्वारा कोई गश्त या चोरों के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पुलिस विभाग तुरंत चोरों को पकड़कर खुलासा करे जिससे राशन दुकानों में हो रही चोरी पर अंकुश लग सके। सहकारी समिति संगठन कर्मचारियों के द्वारा पुलिस कार्य प्रणाली पर सवालिया प्रश्न उठ रहे हैं।

## अधिकारी-कर्मचारी iGOT कर्मयोगी से जुड़ें- जिपं सीईओ

**दमोह ।** जिला सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा कलेक्टर कार्यालय के ई-दक्ष केंद्र में सभी विभागों से नामांकित कर्मचारियों को iGOT प्लेटफॉर्म का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कर्मचारी अपने-अपने विभाग में अन्य कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन कराने तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल चयन करने में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करेंगे। इस संबंध में नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत प्रवीण कुमार फुलपगारे ने IGot के संबंध में बताया 19 सितम्बर 2025 तक ₹कर्मयोगी iGOT पर सीखें सप्ताह₹ का आयोजन किया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत अधिकारियों/ कर्मचारियों को डिजिटल प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता संवर्धन प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में प्रशिक्षण लक्ष्य एवं प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को न्यूनतम दो प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है।

### घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद, चोरों की तलाश में जुटी हटा पुलिस

# जंगला काटकर किराना दुकान से 15 लाख 50 हजार की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

नगरीय क्षेत्र में चण्डी जी मंदिर के समीप संचालित एक किराना दुकान को रविवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे लगे लोहे के जंगला काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और दुकान से लाखों रुपए नगद लेकर रफूचक्कर हो गए। दुकानदार की शिकायत पर हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर घटना की सूक्ष्मता से जांच की और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ चोरी के साक्ष्य एकत्रित कर जांच पड़ताल की जा रही है।




पीड़ित किराना दुकानदार शैलेश अग्रवाल पिता सुरेश चंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना की तरह रविवार को 8:30 वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो शटर खोलते ही देखा कि दुकान का पीछे का दरवाजा खुला हुआ है एवं ऊपर लगा वेंटिलेशन टूटा हुआ है जिसे देखकर वह हैरान रह गए उन्होंने दुकान की ड्राज में रखे पैसे देखे तो पैसे गायब थे। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल हटा पुलिस को दी।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी जिसमे एक अज्ञात चोर ड्राज से पैसे निकालता हुआ दिखाई दे रहा है। वही बदमाश ने सीसीटीवी कैमरे से भी छेड़छाड़ की है। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को मामले की सूचना दी है। पुलिस बारीकी से मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। वही पीड़ति के अनुसार बदमाश ने सीसीटीवी कैमरे को घुमाकर ड्राज के बाजू से एक बॉक्स में रखे 13 लाख 50 हजार रुपए चुरा कर ले गया। जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि चोरी की वारदात सामने आई है सीसीटीवी में एक चोर ड्राज से पैसे निकालते हुए दिख रहा है जांच की जा रही है कि कितना पैसा चोरी हुआ है और चोर की तलाश करने में पुलिस टीम जुट गई है। वहीं पुलिस द्वारा शाम तक एफआईआर दर्ज न करने व किराना व्यापारी से सीसीटीवी डीवीआर और चोरी हुई राशि का लेखा जोखा मांगने पर नाराज व्यापारी संघ के लोग हटा थाने पहुंचे जहां व्यापारियों और एसडीओपी प्रशांत सुमन के बीच बातचीत हुई और एफआईआर किए जाने के आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि हटा नगरीय क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदातो को अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया है। चोरी के मामलों का खुलासा न होने से लोगों में नाराजगी है। वही हटा पुलिस चोर को जल्द पकड़ने का दावा भी कर रही है अब देखना होगा कि इस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर कब तक पुलिस की गिरफ्त में आएंगे या फिर अन्य चोरी की घटनाओं में की जा रही जांच पड़ताल जैसी ही होती रहेगी।

## पुलिस ने पकड़ी 396 पाव मसाला अवैध शराब

**दमोह।** हिण्डोरिया थाना पुलिस ने 396 पाव मसाला अवैध शराब एवं दो मोटर साईकिल जब्त की। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी दमोह के निर्देशन एवं अति.पु.अधी. महोदय सुजीत भदौरिया एवं एसडीओपी महोदय पथरिया सुश्री प्रिया सिंधी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा थाना हिण्डोरिया के अप0क्रमांक 399/25 धारा 34(2) आब. एक्ट के आरोपी 1. लियाकत उर्फ लादेन पिता सलीम खान, सरफराज कैय्युम पिता मुबारिक कैय्युम खान, बट्टू उर्फ अरमान खान पिता स्व. याकूब खान सभी निवासी कस्बा हिण्डोरिया के कब्जे से हिण्डोरिया तिगड्डा पिपरिया जाने वाला मार्ग हिण्डोरिया में मोटर साईकिल पर अवैध 396 पाव अवैध शराब जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। एवं प्रकरण सदर में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्यवाही करने वालों में थाना प्रभारी हिण्डोरिया धर्मेन्द्र गुर्जर, सउनि. जागेश्वर साहू, प्र.आर. आर. 746 दीपचंद, आर. 390 रोहित, आर. 419 चन्द्रकांत की विशेष भूमिका रही है।

## भोलेनाथ का पूजन कर किया वृक्षारोपण



**दमोह।** बूंदाबहु मंदिर में आयोजित गौ महिमा महोत्सव श्रीमद् भागवत कथा के भव्य आयोजन के दौरान अंतिम दिवस श्री धाम वृंदावन से पधारे पूज्य संत श्री राजेंद्रदास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य पूज्य श्री रसराज जी महराज श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर पहुंचे भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया। इसके उपरांत कार्यायल में मंदिर प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक, श्री केदारनाथ दुबे, कुंज बिहारी डिम्हा एवं संस्कृत विद्यालय के वेदपाठी बटुक ब्राह्मणों ने स्वाति वाचन के साथ महराज जी का स्वागत किया। इसके उपरांत गोवर्धन पर्वत पहुंचकर गौ माता का पूजन वृक्षारोपण किया बांदकपुर मंदिर एवं श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल द्वारा चलाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण अभियान अभियान की सराहना की पुरानी स्मृति को साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में 8 वर्ष पहले पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज के साथ वह यहां आए थे। अब यह स्थान दिव्य भव्य बनता जा रहा है। सभी गौ सेवक शिवभक्तों के द्वारा यहां निरंतर गौपालन गौ संरक्षण गोवर्धन पर्वत पर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है आयोजन में बांदकपुर से राम गौतम, शंकर गौतम ,नारायण ठाकुर ,शिवम पाठक ,पीयूष तिवारी , सचिन असाटी की उपस्थिति रही।

## दमोह में किसानों की जल अधिकार पदयात्रा, खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत, जिला दमोह द्वारा किसानों के सहयोग से किसान जल अधिकार पदयात्रा निकाली जा रही है। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य है – हर किसान के खेत तक सिंचाई के लिए जल पहुंचाना, ताकि किसान को अपनी फसल की सिंचाई के लिए बारिश और अनिश्चित साधनों पर निर्भर न रहना पड़े। यह पदयात्रा खड़ेरी के पंचमनगर नगर से शुभारंभ हुई, जो सीता नगर परियोजना से गुजरते हुए सतधरू पर पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों और कस्बों के किसान इसमें शामिल हो रहे हैं और जल संकट से जुड़ी अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रख रहे हैं। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में जल संसाधनों की कमी के कारण किसान लगातार संकट झेल रहा है। नहरें और जल परियोजनाएं होने के बावजूद पानी हर खेत तक नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण किसान को महंगे डीजल पंपों और निजी संसाधनों से सिंचाई करनी पड़ती है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और मुनाफा घटता जा रहा है। पदयात्रा में शामिल किसानों का कहना है कि खेतों तक पानी पहुंचना उनकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि समय पर पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध हो जाए तो न केवल पैदावार बढ़ेगी बल्कि किसान आत्मनिर्भर भी होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि नहरों की सफाई, जल परियोजनाओं को दुरुस्त करने और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यात्रा के दौरान किसान जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल वितरण की नीतियों पर भी चर्चा कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन और व्यापक स्तर पर किया जाएगा। इस प्रकार किसान जल अधिकार पदयात्रा अब एक जनजागरण अभियान का रूप ले चुकी है, जो न केवल किसानों की समस्याओं को सामने ला रही है बल्कि आने वाले समय में जल प्रबंधन के ठोस समाधान की मांग को भी मजबूती से रख रही है।

## गरबा आयोजनों को लेकर विहिप-बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने नवरात्रि पर्व को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने 22 सितंबर से शुरू होने वाले नवरात्र महोत्सव में गरबा एवं देवी पंडालों के आयोजनों की मर्यादा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी। ज्ञापन में कहा गया है कि गरबा आयोजनों की समय सीमा तय की जाए और पंडालों में केवल हिंदू श्रद्धालुओं को ही प्रवेश दिया जाए। संदिग्ध और बाहरी तत्वों पर रोक लगाने की मांग भी की गई। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि विद्यालयों में गरबा होता है तो छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की होगी। विहिप-बजरंग दल ने मांग की कि आयोजनों में अश्लील या फिल्मी गीतों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहे और केवल पारंपरिक-भक्ति संगीत पर ही गरबा किया जाए। साथ ही, पंडालों का स्वरूप भारतीय संस्कृति और परंपरा को दर्शाने वाला होना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इन बिंदुओं का पालन नहीं किया गया और सनातन संस्कृति से छेड़छाड़ की गई, तो परिषद और बजरंग दल आंदोलन के लिए विवश होंगे। ज्ञापन में धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस गशत बढ़ाने और महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में जिला स्तरीय मोगली बाल महोत्सव क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर.पी पटेल एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रमेंद्र जैन के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ ₹जंगल जंगल बात चली है पता चला है गीत₹ के साथ किया गया। जिले के सभी विकासखडों से जूनियर एवं सीनियर वर्ग में विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चयनित पर प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रश्न मंच का संचालन क्विज मास्टर कमलेश सेन द्वारा किया गया।



सीनियर वर्ग से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के छात्र अभय चौरसिया एवं शासकीय सरदार पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा भुवनेश्वरी चक्रवर्ती ने जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में सांदीपनि विद्यालय जबेरा से कु. ओवी जैन एवं आर्जव जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मास्टर ट्रेनर मोहन राय एवं क्विज मास्टर कमलेश सेन के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित वरिष्ठ वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग से एक-एक छात्र एवं एक- एक छात्रा प्रतिभागी अक्टूबर माह में पेंच अभ्यारण सिवनी भ्रमण हेतु जाएंगे। मार्गदर्शी शिक्षकों में प्रमुख रूप से बहादुर सिंह ठाकुर, माखन साहू, रेखा सिंह, के.के यादव उपस्थित रहे। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आर.पी पटेल, इको क्लब प्रभारी मोहन राय व कार्यक्रम प्रभारी प्रमेंद्र जैन के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं का मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा एवं एडीपीसी शैलेंद्र असाटी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

### एक छोटे से गांव के युवा ने जिले का किया नाम रोशन

## वायु प्रदूषण की भविष्यवाणी करेगा बांसा तारखेडा के युवा का एआई मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह



दमोह जिले के एक छोटे से गांव बांसा तारखेडा के युवा विद्युत सिंघई जो अभी अपनी कंपनी इंदौर में चला रहे हैं उन्होंने एक वायु प्रदूषण की भविष्यवाणी करने वाला अनूठा एआई मॉडल तैयार किया है, जो आने वाले 30 दिनों तक का प्रदूषण स्तर बेहद सटीकता के साथ बता सकेगा। शहरो में बढ़ते हुए वाहनों की संख्या और प्रदूषकों के कारण प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। खासकर पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म प्रदूषक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते हैं, जिनमें श्वसन रोग, दमा, हृदय रोग, त्वचा संबंधी परेशानियां और अन्य कई बीमारियां शामिल हैं। ऐसे में यदि पहले से जानकारी मिल जाए कि प्रदूषण का स्तर कब और कितना बढ़ सकता है, तो लोग समय रहते सतर्क रह सकते हैंकृजैसे मास्क का उपयोग करना, खुले में गतिविधियों को नियंत्रित करना और प्रदूषण कम करने के प्रयास करना। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, विद्युत सिंघई ने एएल एमएल और डीएल तकनीकों का उपयोग कर 4 एमएल और 2 डीएल मॉडल विकसित किए हैं। इन मॉडलों को पिछले 5 वर्षों के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा पर आधारित रिसर्च से तैयार किया गया है। खास बात यह है कि ये मॉडल दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए परीक्षण किए गए हैं और लगभग 90 से 98 प्रतिशत तक सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम पाए गए हैं। विद्युत का यह प्रयास केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। उनका लक्ष्य है कि जल्द ही इंदौर, दमोह और अन्य शहरों के लिए भी यही मॉडल तैयार कर लोगों को एरिया और समय अनुसार वायु प्रदूषण की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। विद्युत सिंघई एमसीए डिग्री धारक और आईटी शिक्षक हैं। वे इंदौर में एक सॉफ्टवेयर कंपनी और इंस्टीट्यूट भी चलाते हैं। इसके साथ ही, वे पीएचडी रिसर्च कर रहे हैं और टेक्नोलॉजी विषय पर किताबें लिख चुके हैं। उनके कई शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं।गांव के इस युवा इनोवेटर का यह प्रयास दमोह और देश के लिए एक बड़ी सौग़ात साबित हो सकता है, क्योंकि यह न केवल जागरूकता बढ़ाएगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा।

## जर्मनी में कैरियर एवं रोजगार के अवसरों पर सेमीनार-23 सितम्बर को

**दमोह।** जर्मनी में कुशल पेशावरो एवं छात्रों के लिए सबसे अधिक मांग वाले स्थानों मे से एक है जो कि शिक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रमो और विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी के अवसर प्रदान करना है। 23 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार समय प्रातः 11 बजे से शासकीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आडिटोरिम हाल में सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्रों के लिए कैरियर के अवसर, आद्यौगिक प्रशिक्षण, भाषा आवश्यकता और लायसेन्स प्रक्रिया, नौकरी प्लेंसमेंट गाईडेन्स इत्यादि की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही निजी क्षेत्र की कम्पनीयों के लिए आयोजित युवा संगम मेले में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराये जायेगे। इच्छुक आवेदक निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर लाभ उठाये इसके लिए दी गई लिंक पर पंजीयन अवश्यक करे।

## धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन शुरू, 10 अक्टूबर तक होगा पंजीयन

**दमोह।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले में कुल 26 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है, जिन पर 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक किसान पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित की गई है किसान पंजीयन सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश छोड़कर किया जावेगा। भूमि स्वामी अपना पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर निशुल्क करा सकेगें, एम.पी.किसान एप पर किसान स्वयं एवं कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, साईबर कैफे, एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर पंजीयन शुल्क 50 रू निर्धारित किया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीना मसराम ने बताया कि सिकमी/वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर ही किया जावेगा, सिकमी पंजीयन हेतु अनुबंध निर्धारित प्रारूप में तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी अनुबंध ही मान्य होगें जिसका रिकार्ड समिति द्वारा संधारित किया जाना अनिवार्य होगा।

## लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में मलेरिया विभाग द्वारा जैवीय तरीके से मच्छरो की ब्रीडिंग को रोकने की कोशिश भी की जा रही है इसके लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में गम्बूसिया मछली का संचयन जिले के स्थाई एवं अस्थाई जल स्त्रोतों में किया जा रहा है। इसी क्रम में जबेरा ब्लॉक के विभिन्न स्थानों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों में लार्वाभक्षी गम्बूसिया मछली का संचयन किया गया है जिनमें जबेरा, ग्राम पुनरयाऊ, सिंग्रामपुर, भजिया, पौडीमानगढ, कुशमी, गुबरा, घाना, चोपरा, रोंड, मौसीपुरा, नयागांव, कुलुआ, बहेरिया, घाघरी एवं गाडाघाट एंव अन्य ग्रामों के स्थाई एवं अस्थाई जलस्त्रोतों लार्वाभक्षी गम्बूंसिया मछली का संचयन किया गया।

## पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर की चालानी कार्यवाही



**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश पालन में श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं श्री सुजीत सिंह भदौरिया अपुअ दमोह के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय अभियान चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर ज़िले के समस्त थाना अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान अंतर्गत ज़िला अंतर्गत ज़िले के यातायात सहित सभी थानों में विभिन्न स्थानों पर प्वाइंट लगा कर चालानी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अब तक कुल 1481 वाहनों पर कार्यवाही कर 6,51,300/- रुपए (छः लाख इक्यावन हज़ार तीन सौ) का चालान शुल्क बसूला गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिन 11 बिंदुओं के अंतर्गत कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था उन बिंदुओं ज़िले के थानों में निम्नानुसार कार्यवाही की गई। कोतवाली 93, दमोह देहात 45, यातायात 689, हटा 46, पटेरा 20, तेंदूखेड़ा 35, तारादेही 85, जबेरा 44, तेजगढ़ 28, नोहटा 45, बतियागढ़ 47, मगरों 84, पथरिया 23, रनेह 18, गैसाबाद 19, मडियादो 25, कुम्हारी 38, हिंडोरिया 57 के चालान किये गये। अभियान के अतिरिक्त कल दिनांक को यातायात पुलिस दमोह द्वारा 01 टिप ट्रेलर एवं 01 मोटर साइकिल का चालक ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर दोनों के प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए थे जिन पर आज दिनांक को माननीय न्यायालय द्वारा क्रमशः 10 हजार एवं 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री प्रताप सिंह परिहार आ. श्री स्व. राजबहादुर सिंह परिहार निवासी C-3 गगन विहार कृपाल चौक जबलपुर से अधिकृत होकर आम जनमानस को सूचित करता हूं कि मौजा दमोह खास तह. दमयंतीनगर जिला दमोह स्थित खसरा नंबर 1400/2,1400/3,1400/4, 1400/5, 1400/6, 1400/7, 1400/8 कुल रकवा 1.244 हे. भूमि जिसके मालिक व काविज श्री ललित कुमार मिश्रा पिता श्री पुरुषोत्तम मिश्रा साकिन बजरिया वार्ड नं.07 दमोह तह. व जिला दमोह के द्वारा विक्रय इकरारनामा मेरे पक्षकार के पक्ष में किया गया है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री बैनामा का निष्पादन होना तय है। अतः मेरे पक्षकार की ओर से आम जनमानस, संस्था, शासकीय, अशासकीय कार्यालयों को सूचित किया जाता है, कि उक्त संपती के क्रय-विक्रय से किसी प्रकार आपति है, तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के 15 दिवस के अंदर उपस्थित होकर आपति दर्ज करावें।

नियत समयवधि पश्चात किसी भी प्रकार दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

गनेश सिंह राजपूत (अधिवक्ता)
कार्यालय जबलपुर नाका महाराणा प्रताप चौक दमोह म.प्र.
दमोह, दिनांक 11/09/2025
मो.नं. 7000733745
ईमेल- ganeshrajoot1982@gmail.com

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्रं./लोक निर्माण/ निविदा/2025/1058 — हटा दिनांक-15/09/2025

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत एवं मप्र विद्युत मंडल में 'अ' श्रेणी लाईसेंस धारी समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_451985_1 16.09.2025 | घुराघाट के समीप डीपी एवं पोल शिफ्टिंग कार्य | 1 - 01 माह 2 - 2.70 लाख | 1- 2000.00 2- 2800.00 | 03/10/2025 |
| 2. | 2025_UAD_451988_1 16.09.2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानो पर हाई मास्ट लाईट स्थापना कार्य | 1 - 03 माह 2 - 24.09 लाख | 1- 5000.00 2- 19000.00 | 18/10/2025 |
| 3. | 2025_UAD_451990_1 16.09.2025 | गांधी वार्ड में 100 केव्हीए ट्रांसफार्मर एवं विद्युत पोल स्थापना कार्य | 1 - 03 माह 2 - 14.06 लाख | 1- 2000.00 2- 11000.00 | 18/10/2025 |

नोटः- 1. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।2 उपरोक्त कार्य कं. 01 एवं 02 हेतु निविदाकार अपनी दरे जी एस टी राशि छोड़कर प्रस्तुत करे। जी एस टी राशि का भुगतान नियमानुसार पृथक से किया जावेगा। देयको से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी ।3. उपरोक्त कार्य कं. 03 हेतु निविदाकार अपनी दरे जी एस टी सहित प्रस्तुत करे पृथक से जी.एस.टी. का भुगतान नहीं किया जावेगा। देयको से नियमानुसार करो की कटौती की जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह